उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

पंत्राक– 02 /2023–24 दिनांक- 03 अप्रैल, 2023

संवाद–254

विषयः– आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक(पद कोड–760/26/2020) की चयन संस्तुति के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि आयोग द्वारा पूर्व में लंबित भर्ती परीक्षाओं की चयन संस्तुतियां एवं परीक्षा परिणाम प्रकाशन के संबंध में "संवाद" के माध्यम से संभावित शैड्यूल के आधार पर ही कार्य सम्पादित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है परन्तु कतिपय कठिनाईयों के कारण चयन संस्तुति एवं परीक्षा परिणाम प्रकाशन में समय भी लगा है। अभ्यर्थियों द्वारा भी आयोग कार्यालय में आकर व पत्राचार के माध्यम से परीक्षा परिणाम एवं चयन संस्तुतियां प्रेषण किये जाने के संबंध में समय–समय पर पृच्छा की जा रही है।

इसी क्रम में विषयगत परीक्षा के संबंध में भी आयोग द्वारा कार्यवाही की जा रही है परन्तु कतिपय तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणों से विलम्ब हो रहा है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के हित में ही समाधान किये जाने का प्रयास किया जा रहा है तथा प्रश्नगत भर्ती की संस्तुतियां दिनांक 15 अप्रैल, 2023 तक प्रेषित कर दी जायेंगी।

अतः आप सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि कृपया धैर्य बनाये रखे व आयोग को सहयोग करें।

आयोग की ओर से,

-Sd-

सचिव।